प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 36/2022)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"मीडिया स्वामित्व से संबंधित मुद्दों" पर भादूविप्रा परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 07 जून, 2022: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 12 अप्रैल, 2022 को "मीडिया स्वामित्व से संबंधित मुद्दों" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि शुरू में 10 मई 2022 और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24 मई 2022 निर्धारित की गई थी।

2. हालांकि, टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए हितधारकों के अनुरोधों के कारण, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि को क्रमशः 7 जून 2022 और 21 जून 2022 तक बढ़ा दिया गया था।

3. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, इस आधार पर कि परामर्श पत्र में कई मुद्दों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः **28 जून 2022** और **12 जुलाई, 2022** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

4. टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण को ईमेल: advbcs-2@trai.gov.in तथा jtadvbcs-2@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

5. किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष क्रमांक. +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

वी. रघुनंदन
सचिव, भादूविप्रा